Australia's Disability Strategy 2021–2031

Creating an inclusive community together

Hindi | हिंदी

# लक्षित कार्य योजनाएँ रिपोर्ट

**1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023**

*ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021 - 2031*

इस दस्तावेज, लक्षित कार्य योजनाएँ रिपोर्ट, 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023, ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 को क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 अंतर्राष्ट्रीय लाइसेंस के तहत लाइसेंस प्राप्त है, जिनमें इसका अपवाद है:

- ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 का लोगो और इसकी ब्रांडिंग
- कोई भी तृतीय-पक्ष सामग्री
- सभी चित्र और/या फोटोग्राफ।

इस CC By लाइसेंस के बारे में और अधिक जानकारी क्रिएटिव कॉमन्स वेबसाइट पर दी गई है:
https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode

**अभिस्वीकृति:**
इस दस्तावेज के संपूर्ण या किसी भी अंश के उपयोग में निम्नलिखित अभिस्वीकृति शामिल होना आवश्यक है:
© ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल (सामाजिक सेवाएँ विभाग) 2023

कॉपीराइट व्यवस्थाओं और इस जानकारी के किसी भी उपयोग के बारे में पूछताछ को सामाजिक सेवाएँ विभाग के पास भेजा जा सकता है:

ईमेल से: communication@dss.gov.au

डाक से: Corporate Communications and Media Relations Branch
Department of Social Services,
GPO Box 9820, Canberra ACT 2601

# सामग्री


**परिचय** ... **2**

**राष्ट्रीय प्रगति** ... **4**

**रोजगार लक्षित कार्य योजना** ... **8**

**सामुदायिक दृष्टिकोण लक्षित कार्य योजना** ... **12**

**आरंभिक बचपन लक्षित कार्य योजना** ... **16**

**सुरक्षा लक्षित कार्य योजना** ... **20**

**आपातकालीन प्रबंधन लक्षित कार्य योजना** ... **24**

**व्यवहार में कार्य** ... **28**

- क्वींसलैंड सरकारी क्षेत्र में विकलांगता-ग्रस्त कर्मचारी ... **29**
- रोजगार पायलट ... **30**
- तस्मानियाई विकलांगता आयुक्त (Tasmanian Disability Commissioner) ... **31**
- भिन्न रूप से विकसित होना (Developing Differently) पेरेंटिंग वर्कशॉप ... **32**
- एबोरिजनल बाल एवं परिवार केंद्र (एसीएफसी) [Aboriginal Child and Family Centre (ACFC)] कार्यक्रम ... **33**
- व्यवहार समर्थन और प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का न्यूनन व उन्मूलन ... **34**
- आपातकालीन प्रबंधन मुलाकातों (Emergency Management Meetings) में विकलांगता सेवा प्रदाताओं को शामिल किया जाए ... **35**
- विकलांगता पारिवारिक हिंसा संकटकाल प्रतिक्रिया पहल (Disability Family Violence Crisis Response Initiative) ... **36**
- सुलभतायुक्त शरण आवास एवं समर्थन (Accessible Refuge Accommodation and Support) ... **37**
- एसीटी मध्यस्थ कार्यक्रम (ACT Intermediary Program) ... **38**
- विकलांगता समावेशी आपदा खतरा न्यूनन (Disability Inclusive Disaster Risk Reduction) कार्यक्रम ... **39**

**3 दिसंबर 2021 के बाद से प्रगति का अवलोकन** ... **40**

# परिचय

*ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031* (एडीएस) 10 वर्षों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों का जीवन परिवर्तित करने की एक योजना नियत करती है।

एडीएस के तहत लक्षित कार्य योजनाएँ (टीएपी) विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों में सुधार के उद्देश्य से विशिष्ट डिलिवरेबल्स प्राप्त करने के लिए एक से 3 वर्षों में गहन ध्यान केंद्रित करती हैं।

प्रत्येक टीएपी को ऑस्ट्रेलिया के सभी विकलांगता मंत्रियों द्वारा साधिकृत और समर्थित किया जाता है, और इनमें सरकारों की ओर से अनेकानेक लक्षित और समन्वित कार्य शामिल हैं।

यह टीएपी के बारे में दूसरी वार्षिक रिपोर्ट है।

यह एडीएस के प्रथम वर्ष में सूचित की गई प्रगति पर आगे निर्माण करती है और 1 जुलाई 2022 से लेकर 30 जून 2023 की अवधि को शामिल करती है।

टीएपी के इस समूह में कई सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, किंतु ऐसे कई कार्य भी हैं जिनमें देरी होने के बारे में सूचित किया गया है।

टीएपी के इस समूह के लिए अगली टीएपी रिपोर्ट अंतिम होगी। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों के सहयोग से टीएपी के अगले समूह पर विचार करने के लिए काम आरंभ कर दिया है।

3 दिसंबर 2021 के दिन एडीएस के साथ आरंभ की गई 5 लक्षित कार्य योजनाएँ (टीएपी) हैं:

- **रोजगार**
- **सामुदायिक दृष्टिकोण**
- **आरंभिक बचपन**
- **सुरक्षा**
- **आपातकालीन प्रबंधन**

## टीएपी के बारे में रिपोर्टिंग

एडीएस के तहत, सभी सरकारें विकलांगता-ग्रस्त लोगों के जीवन में सुधार करने में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक व्यापक और दृश्यमान रूप से रिपोर्टिंग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वार्षिक टीएपी रिपोर्ट इस विषय पर प्रगति के बारे में अपडेट प्रदान करती है कि टीएपी कार्यों व सफलताओं के लागूकरण और प्रगति के लिए सरकारें क्या कर रही हैं। एडीएस के तहत बेहतर रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के अनुरेखण में टीएपी रिपोर्टों को वित्तीय वर्ष के आधार पर वार्षिक रूप से प्रकाशित किया जाता है।

टीएपी के बारे में पहली वार्षिक रिपोर्ट (पहली टीएपी रिपोर्ट) 25 नवंबर 2022 को प्रकाशित की गई थी और यह 3 दिसंबर 2021 के शुभारंभ के दिन से लेकर 30 जून 2022 तक की अवधि को शामिल करती है।

## रिपोर्ट

टीएपी के बारे में दूसरी वार्षिक रिपोर्ट (दूसरी टीएपी रिपोर्ट) एडीएस के पहले वर्ष में सूचित की गई प्रगति पर आगे निर्माण करती है और 1 जुलाई 2022 से लेकर 30 जून 2023 की अवधि को शामिल करती है। ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र - सभी सरकारों की ओर से अपडेट्स प्रदान किए जाते हैं और इसमें कई कार्यों पर प्रकाश डाला गया है।

इस रिपोर्ट में दो दस्तावेज शामिल हैं; दूसरी टीएपी रिपोर्ट और एक परिशिष्ट।

दूसरी टीएपी रिपोर्ट में अवलोकन, आकड़े और आरेख उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें यह दिखाने के लिए कई उदाहरण भी शामिल हैं कि कार्यों का लागूकरण और इनमें प्रगति कैसे की जा रही है। रिपोर्ट में एडीएस के आरंभ के बाद से (दिसंबर 2021 - जून 2023 की अवधि में) प्रगति के बारे में एक संक्षिप्त अवलोकन भी शामिल है।

परिशिष्ट 30 जून 2023 को प्रगति की स्थिति प्रस्तुत करता है और बाकी बचे 374 कार्यों में से प्रत्येक के लिए एक अपडेट प्रस्तुत करता है, ताकि यह इंगित किया जा सके कि कार्य आगे कैसे बढ़ रहा है:

| | |
|---|---|
| **पूरा हो गया** | कार्य 1 जुलाई 2022 और 30 जून 2023 के बीच पूरा हो गया था। |
| **मार्ग पर** | यह कार्य योजनाओं के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। |
| **कुछ देरी** | कार्य चल रहा है, लेकिन इसमें अपने मूल समय से कुछ देरी हो गई है। |
| **रोक दिया गया** | कार्य या तो आरंभ हो चुका है या आरंभ होने वाला था, लेकिन अभी इसे रोक दिया गया है। |
| **भविष्य में आरंभ** | कार्य 30 जून 2023 के बाद आरंभ होने वाला था। |
| **लागू नहीं** | कार्य 30 जून 2022 तक पूरा हो गया था। |

परिशिष्ट में तुलनात्मक रूप से पहली टीएपी रिपोर्ट में शामिल कार्यों की स्थिति भी शामिल है। सभी कार्य एडीएस में शामिल संगत नीति प्राथमिकता से जोड़े गए हैं।

टीएपी समेत एडीएस के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट www.disabilitygateway.gov.au/ads पर उपलब्ध है।

# राष्ट्रीय प्रगति

रिपोर्ट का ध्यान, जोकि 2022-2023 रिपोर्टिंग अवधि है, 374 कार्यों में हुई प्रगति पर केंद्रित है, जो 2021-2022 रिपोर्टिंग अवधि से बाकी बचे हुए (पूरे नहीं किए गए) थे। 2021-2022 रिपोर्टिंग अवधि की तुलना में इस रिपोर्टिंग अवधि में कार्यों की प्रगति पूरे किए गए कार्यों में वृद्धि प्रदर्शित करती है, किंतु ऐसे कुछ टीएपी भी हैं जिनमें कई कार्यों में कुछ देरी का अनुभव हुआ है, या उन्हें रोक दिया गया है।

**एक दृष्टि डालने पर सभी 5 टीएपी में, जिनमें 2022-2023 रिपोर्टिंग अवधि में 374 शेष कार्य शामिल हैं, राष्ट्रीय प्रगति प्रदर्शित करती है कि:**

- **310 (83%)** कार्यों को पूरे हो गए या मार्ग पर होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है, जिनमें से:
  - **101 (27%)** कार्य पूरे हो गए हैं, और
  - **209 (56%)** कार्य मार्ग पर हैं।
- **64 (17%)** कार्यों को कुछ देरी का अनुभव होने, रोके जाने या भविष्य में आरंभ की तिथि होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है।

**निम्नलिखित न्यायाधिकार-क्षेत्रों की ओर से निम्नलिखित परिणाम रिकॉर्ड किए हैं:**

- ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटेरी के पास पूरे किए गए कार्यों की उच्चतम प्रतिशतता है, जो कि **58%** है
- नॉर्दर्न टेरिटेरी के पास मार्ग पर कार्यों की उच्चतम प्रतिशतता है, जो कि **79%** है
- विक्टोरिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने पूरे किए गए और मार्ग पर कार्यों की प्रतिशतता क्रमशः **96%** और **97%** रिकॉर्ड की
- ऑस्ट्रेलिया सरकार और न्यू साउथ वेल्स के पास कुछ देरी वाले और रोक दिए गए कार्यों की उच्चतम प्रतिशतताएँ हैं, जो क्रमशः **31%** और **35%** हैं।

न्यायाधिकार क्षेत्रों ने नोट किया है कि कुछ देरी होना या रोका जाना पहले हुई देरी से संबंधित मुद्दों के जारी बने हुए प्रभाव हैं, जैसे कोविड-19 या समीक्षाओं के परिणामों की प्रतीक्षा, उदाहरण के लिए विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण के लिए राजकीय आयोग (Royal Commission into Violence, Abuse, Neglect and Exploitation of People with Disability) और एनडीआईएस (NDIS) समीक्षा। देरी होने और रुके हुए कार्यों के अन्य कारणों के रूप में अन्य सरकारी कार्य-कलापों के साथ संरेखण के लिए समयरेखाओं में संशोधनों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जैसे राष्ट्रीय ऑटिज़्म कार्यनीति (National Autism Strategy) और आरंभिक वर्ष कार्यनीति (Early Years Strategy); तथा कुछ मामलों में पदों के बारे में चर्चा करने और न्यायाधिकार-क्षेत्रों के बीच आकड़े साझा करने के लिए समझौता प्राप्त कर पाने में अपेक्षातीत समय लग रहा है।



# राष्ट्रीय प्रगति

1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023 की अवधि के दौरान अधिकांश टीएपी के लिए उनकी रिपोर्टिंग अवधि में 80% या इससे अधिक कार्यों को पूरे हो गए अथवा मार्ग पर होने के रूप में रिपोर्ट किया गया था। आपातकालीन प्रबंधन टीएपी के लिए पूरे किए गए और मार्ग पर कार्यों का उच्चतम अनुपात था, जो कि 93% था। सुरक्षा टीएपी के लिए पूरे किए गए और मार्ग पर कार्यों का सबसे कम अनुपात 74% था, किंतु इसमें पूरे किए गए कार्यों का दूसरा उच्चतम अनुपात 29% था।

### तालिका 1: रिपोर्टिंग अवधि 2022-2023 के लिए टीएपी कार्य में प्रगति

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 12 | 23 | 16 | 1 | 2 | 54 |
| एनएसडब्ल्यू | 3 | 25 | 12 | 3 | 0 | 43 |
| विक्टोरिया | 18 | 30 | 2 | 0 | 0 | 50 |
| क्वींसलैंड | 14 | 28 | 4 | 0 | 0 | 46 |
| डब्ल्यूए | 10 | 20 | 1 | 0 | 0 | 31 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 13 | 31 | 7 | 2 | 1 | 54 |
| तस्मानिया | 5 | 13 | 8 | 0 | 0 | 26 |
| एसीटी | 21 | 12 | 3 | 0 | 0 | 36 |
| एनटी | 5 | 27 | 1 | 1 | 0 | 34 |
| **कुल** | **101** | **209** | **54** | **7** | **3** | **374** |
| **प्रतिशतता** | **27%** | **56%** | **14%** | **2%** | **1%** | |

### तालिका 2: रिपोर्टिंग अवधि 2022-2023 के लिए टीएपी के 374 कार्यों में प्रगति और उनकी स्थिति

| TAP | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोजगार | 17 | 47 | 9 | 0 | 0 | 73 |
| सामुदायिक दृष्टिकोण | 20 | 33 | 10 | 0 | 0 | 63 |
| आरंभिक बचपन | 20 | 43 | 7 | 3 | 1 | 74 |
| सुरक्षा | 34 | 52 | 25 | 4 | 2 | 117 |
| आपात प्रबंधन | 10 | 34 | 3 | 0 | 0 | 47 |
| **कुल** | **101** | **209** | **54** | **7** | **3** | **374** |
| **प्रतिशतता** | **27%** | **56%** | **14%** | **2%** | **1%** | |

ध्यान दें: राउंडिंग के कारण प्रतिशतता कुल 100 नहीं भी हो सकती है।

## कुंजी: राष्ट्रीय टीएपी प्रगति 2022-2023

- पूरा हो गया
- मार्ग पर
- कुछ देरी
- रोक दिया गया
- भविष्य में आरंभ

### चार्ट 1: रिपोर्टिंग अवधि 2022-2023 के लिए टीएपी कार्य में प्रगति




### चार्ट 2: रिपोर्टिंग अवधि 2022-2023 के लिए टीएपी के आधार पर 374 कार्यों में प्रगति और स्थिति



# रोजगार लक्षित कार्य योजना

## परिचय

रोजगार टीएपी को एडीएस के रोजगार एवं आर्थिक सुरक्षा परिणाम क्षेत्र (Employment and Financial Security Outcome Area) के तहत प्रगति को उद्वेलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस परिणाम क्षेत्र का उद्देश्य विकलांगता-ग्रस्त लोगों के पास आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि वे भविष्य की योजना बनाने और अपने जीवन में विकल्प लेने तथा नियंत्रण कर पाने में सक्षम बन सकें।

आर्थिक सुरक्षा का एक प्रमुख घटक रोजगार होता है और यह टीएपी इस परिणाम क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

रोजगार टीएपी के तहत 2022-2023 की अवधि के लिए ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों में 73 कार्यों की रिपोर्ट की जा रही है।

इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जो विकलांगता-ग्रस्त लोगों को कुशलताओं की कम उपलब्धता वाले क्षेत्रों से जोड़ने के लिए रोजगार पायलट प्रदान करेंगे, सार्वजनिक सेवाओं में विकलांगता रोजगार को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे और रोजगार कार्यक्रमों में सुधारों को उद्वेलित करेंगे।

## उद्देश्य

1. **विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार में वृद्धि।**
2. **विकलांगता-ग्रस्त युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार में पारगमन करने में सुधार।**



# रोजगार टीएपी

**तालिका 3: रोजगार टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 2 | 5 | 2 | 0 | 0 | 9 |
| एनएसडब्ल्यू | 0 | 4 | 2 | 0 | 0 | 6 |
| विक्टोरिया | 5 | 12 | 1 | 0 | 0 | 18 |
| क्वींसलैंड | 3 | 6 | 0 | 0 | 0 | 9 |
| डब्ल्यूए | 1 | 5 | 1 | 0 | 0 | 7 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 1 | 7 | 2 | 0 | 0 | 10 |
| तस्मानिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 4 |
| एसीटी | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| एनटी | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| **राष्ट्रीय कुल** | **17** | **47** | **9** | **0** | **0** | **73** |

**तालिका 4: रोजगार टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| उद्देश्य | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्देश्य 1 | 12 | 28 | 8 | 0 | 0 | 48 |
| उद्देश्य 2 | 5 | 19 | 1 | 0 | 0 | 25 |
| **कुल मिलाकर** | **17** | **47** | **9** | **0** | **0** | **73** |

कुंजी: रोजगार टीएपी प्रगति

- पूरा हो गया
- मार्ग पर
- कुछ देरी
- रोक दिया गया
- भविष्य में आरंभ

**चार्ट 3: रोजगार टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**




**चार्ट 4: रोजगार टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**



# सामुदायिक दृष्टिकोण लक्षित कार्य योजना

## परिचय

सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी को एडीएस के सामुदायिक दृष्टिकोण परिणाम क्षेत्र (Community Attitudes Outcome Area) के तहत प्रगति को उद्वेलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस परिणाम क्षेत्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सामुदायिक दृष्टिकोण में सुधार हो और विकलांगता-ग्रस्त लोगों को समाज में संपूर्ण समानता, समावेश और सहभागिता के लिए सक्षम बनाया जा सके।

सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी के तहत 2022-2023 की अवधि के लिए ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों में 63 कार्यों की रिपोर्ट की जा रही है।

इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जो प्रमुख पेशेवरों में विकलांगता विश्वास विकसित करेंगे, सामुदायिक जुड़ाव और शिक्षा गतिविधियाँ उपलब्ध कराएँगे, और विकलांगता के बारे में अपनी समझ में सुधार के उद्देश्य से फ्रंटलाइन कर्मियों के लिए प्रशिक्षण संसाधन उत्पादित करेंगे।

## उद्देश्य

1. **कार्य-नियोक्ता कार्यबल में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के योगदान को महत्व देते हैं, और विकलांगता-ग्रस्त लोगों को रोजगार पर रखने के लाभों को अभिस्वीकृति देते हैं।**

2. **प्रमुख पेशेवर कार्यबल विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति आत्मविश्वास और सकारात्मक रूप से उत्तर देने में सक्षम हैं।**

3. **नेतृत्व भूमिकाओं में विकलांगता-ग्रस्त लोगों का प्रतिनिधित्व बढ़ाना।**

4. **कार्यनीति के तहत नीतिगत प्राथमिकताओं पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सामुदायिक दृष्टिकोणों में सुधार करना।**



# सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी

**तालिका 5: सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| एनएसडब्ल्यू | 0 | 8 | 2 | 0 | 0 | 10 |
| विक्टोरिया | 3 | 6 | 1 | 0 | 0 | 10 |
| क्वींसलैंड | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 | 12 |
| डब्ल्यूए | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 5 |
| तस्मानिया | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 5 |
| एसीटी | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 10 |
| एनटी | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| **राष्ट्रीय कुल** | **20** | **33** | **10** | **0** | **0** | **63** |

**तालिका 6: सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| उद्देश्य | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्देश्य 1 | 2 | 5 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| उद्देश्य 2 | 4 | 10 | 4 | 0 | 0 | 18 |
| उद्देश्य 3 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| उद्देश्य 4 | 10 | 15 | 6 | 0 | 0 | 31 |
| **कुल मिलाकर** | **20** | **33** | **10** | **0** | **0** | **63** |

कुंजी: सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी प्रगति

- पूरा हो गया
- मार्ग पर
- कुछ देरी
- रोक दिया गया
- भविष्य में आरंभ

**चार्ट 5: सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर प्रगति**




**चार्ट 6: सामुदायिक दृष्टिकोण टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर प्रगति**



# आरंभिक बचपन लक्षित कार्य योजना

## परिचय

आरंभिक बचपन टीएपी को एडीएस के इन परिणाम क्षेत्रों के तहत प्रगति का उद्वेलन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है; स्वास्थ्य और सकुशलता; शिक्षा और सीखना; समावेशी घर और समुदाय; तथा व्यक्तिगत और सामुदायिक समर्थन।

क्रमशः, इन परिणाम क्षेत्रों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगता-ग्रस्त लोग अपने पूरे जीवन-काल में उच्चतम संभव स्वास्थ्य और सकुशलता परिणाम प्राप्त करें; शिक्षा और सीखने के माध्यम से अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करें; समावेशी, सुलभतायुक्त और अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए घरों व समुदायों में निवास करें; और उन्हें स्वतंत्र रूप से रहने तथा अपने समुदायों में संलग्न होने में सहायता के लिए अनेकानेक समर्थन प्राप्त हों।

आरंभिक बचपन टीएपी के तहत 2022-2023 की अवधि के लिए ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों में 74 कार्यों की रिपोर्ट की जा रही है।

इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जो संसाधनों को विकसित करेंगे, सहकर्मी सहायता समूह निर्मित करेंगे, माता-पिता और देखभालकर्ताओं का समर्थन करेंगे, तथा किंडरगार्टन और आरंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल में समावेशी प्रथाओं को बढ़ावा देंगे।

## उद्देश्य

1. **विकलांगता या विकासात्मक चिंताओं की शीघ्र पहचान किए जाने को सक्षम बनाया जाए और समुचित समर्थनों के लिए अधिक स्पष्ट मार्गपथ व सामयिक पहुंच विकसित की जाए।**
2. **माता-पिता और देखभालकर्ताओं को अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में सूचित विकल्प लेने में सहायता देने के लिए प्रमुख सेवाओं व प्रणालियों के सामर्थ्य और क्षमता को सशक्त बनाया जाए।**
3. **समावेश की और अधिक सशक्त भावना को प्रोत्साहित किया जाए और माता-पिता, देखभालकर्ताओं व बच्चों को सहकर्मी नेटवर्क बनाने के अवसर प्रदान किए जाएँ, जिसमें एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी तथा सांस्कृतिक एवं भाषाई रूप से विविधतापूर्ण माता-पिता व देखभालकर्ता भी शामिल हैं।**



# आरंभिक बचपन टीएपी

**तालिका 7: आरंभिक बचपन टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 3 | 3 | 4 | 1 | 0 | 11 |
| एनएसडब्ल्यू | 1 | 2 | 0 | 2 | 0 | 5 |
| विक्टोरिया | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| क्वींसलैंड | 2 | 7 | 0 | 0 | 0 | 9 |
| डब्ल्यूए | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 7 | 6 | 1 | 0 | 1 | 15 |
| तस्मानिया | 1 | 3 | 2 | 0 | 0 | 6 |
| एसीटी | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| एनटी | 1 | 13 | 0 | 0 | 0 | 14 |
| **राष्ट्रीय कुल** | **20** | **43** | **7** | **3** | **1** | **74** |

**तालिका 8: आरंभिक बचपन टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| उद्देश्य | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्देश्य 1 | 9 | 17 | 2 | 2 | 1 | 31 |
| उद्देश्य 2 | 9 | 17 | 2 | 1 | 0 | 29 |
| उद्देश्य 3 | 2 | 9 | 3 | 0 | 0 | 14 |
| **कुल मिलाकर** | **20** | **43** | **7** | **3** | **1** | **74** |

कुंजी: आरंभिक बचपन टीएपी प्रगति

- पूरा हो गया
- मार्ग पर
- कुछ देरी
- रोक दिया गया
- भविष्य में आरंभ

**चार्ट 7: आरंभिक बचपन टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**




**चार्ट 8: आरंभिक बचपन टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**



# सुरक्षा लक्षित कार्य योजना

## परिचय

सुरक्षा टीएपी को एडीएस के सुरक्षा, अधिकार और न्याय परिणाम क्षेत्र (Safety, Rights and Justice Outcome Area) के तहत प्रगति को उद्वेलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस परिणाम क्षेत्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों को बढ़ावा दिया जाता है, बरकरार रखा जाता है और संरक्षित किया जाता है, तथा विकलांगता-ग्रस्त लोग सुरक्षित महसूस करते हैं और कानून के समक्ष समानता का आनंद उठा सकते हैं।

सुरक्षा टीएपी के तहत 2022-2023 की अवधि के लिए ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों में 117 कार्यों की रिपोर्ट की जा रही है।

इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जो नुकसान के खतरे वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों की पहचान करने को समर्थन देते हैं, इस बात पर विचार करते हैं कि राष्ट्रीय कानून और नीति को बेहतर ढंग से कैसे संरेखित किया जाए, और नुकसान के खतरे वाले लोगों को समर्थन देने वाली सेवाओं और संसाधनों में कैसे सुधार किया जाए।

## उद्देश्य

1. **विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति को नुकसान का अनुभव होने, या संभावित रूप से नुकसान होने के खतरे वाले जोखिम व सुरक्षात्मक कारकों की पहचान करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता निर्मित की जाए।**
2. **यह सुनिश्चित किया जाए कि मुख्यधारा और विशेषज्ञ विकलांगता सेवाएँ नुकसान का अनुभव होने, या संभावित रूप से नुकसान होने के खतरे वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए उपयुक्त व आनुपातिक संरक्षण प्रदान करती हैं।**
3. **नुकसान होने के खतरे वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति सभी सरकारी सेवा प्रणालियों को, और उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थनों के डिज़ाइन को सशक्त बनाया जाए।**
4. **सभी सरकारी सेवा प्रणालियों में प्रतिबंधात्मक प्रथाओं के उपयोग को कम और समाप्त किया जाए।**
5. **विकलांगता-ग्रस्त लोगों की व्यक्तिगत क्षमता और प्रभावी प्राकृतिक सुरक्षोपाय (यानि परिवार और समुदाय के साथ संलग्नता जैसे अनौपचारिक समर्थन व संरक्षण) निर्मित किए जाएँ।**



# सुरक्षा टीएपी

तालिका 9: सुरक्षा टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 5 | 4 | 8 | 0 | 2 | 19 |
| एनएसडब्ल्यू | 1 | 9 | 7 | 1 | 0 | 18 |
| विक्टोरिया | 6 | 8 | 0 | 0 | 0 | 14 |
| क्वींसलैंड | 3 | 6 | 4 | 0 | 0 | 13 |
| डब्ल्यूए | 5 | 6 | 0 | 0 | 0 | 11 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 3 | 7 | 3 | 2 | 0 | 15 |
| तस्मानिया | 0 | 6 | 1 | 0 | 0 | 7 |
| एसीटी | 9 | 4 | 1 | 0 | 0 | 14 |
| एनटी | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 6 |
| **राष्ट्रीय कुल** | **34** | **52** | **25** | **4** | **2** | **117** |

तालिका 10: सुरक्षा टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति

| उद्देश्य | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्देश्य 1 | 5 | 7 | 4 | 0 | 1 | 17 |
| उद्देश्य 2 | 10 | 11 | 4 | 0 | 0 | 25 |
| उद्देश्य 3 | 12 | 23 | 11 | 1 | 1 | 48 |
| उद्देश्य 4 | 4 | 10 | 5 | 2 | 0 | 21 |
| उद्देश्य 5 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 6 |
| **कुल मिलाकर** | **34** | **52** | **25** | **4** | **2** | **117** |

कुंजी: सुरक्षा टीएपी प्रगति

- पूरा हो गया
- मार्ग पर
- कुछ देरी
- रोक दिया गया
- भविष्य में आरंभ

**चार्ट 9: सुरक्षा टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**




**चार्ट 10: सुरक्षा टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**



# आपातकालीन प्रबंधन लक्षित कार्य योजना

## परिचय

आपातकालीन प्रबंधन टीएपी को एडीएस के स्वाथ्य एवं सकुशलता परिणाम क्षेत्र (Health and Wellbeing Outcome Area) के तहत प्रगति को उद्वेलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस परिणाम क्षेत्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगता-ग्रस्त लोग अपने पूरे जीवन-काल में उच्चतम संभव स्वास्थ्य और सकुशलता परिणाम प्राप्त करते हैं।

आपातकालीन प्रबंधन टीएपी के तहत 2022-2023 की अवधि के लिए ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों में 47 कार्यों की रिपोर्ट की जा रही है।

इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जो सक्रियात्मक रूप से विकलांगता-ग्रस्त लोगों और सेक्टर से प्रतिक्रिया प्राप्त करते हैं, विकलांगता-ग्रस्त लोगों को बेहतर ढंग से शामिल करने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं व तैयारियों की समीक्षा करते हैं, और आपातकालीन स्थिति के दौरान उपलब्ध कराए जाने वाले संचार में सुधार करते हैं।

## उद्देश्य

1. **आपदा खतरा आकलनों के लिए आपदा/आपातकालीन नियोजन प्रक्रियाएँ सुनिश्चित की जाएँ और आपदा/आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं के बाद में विकास तथा रख-रखाव में विकलांगता-ग्रस्त लोगों को शामिल किया जाए।**
2. **यह सुनिश्चित किया जाए कि समावेशी आपदा/आपातकाल प्रबंधन, तैयारी और बहाली नियोजन प्रक्रियाएँ विकलांगता-ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य और सकुशलता को आपातकाल से पहले, इसके दौरान और इसके पश्चात समर्थन देती हैं।**



# आपातकालीन प्रबंधन टीएपी

**तालिका 11: आपातकालीन प्रबंधन टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 0 | 10 | 2 | 0 | 0 | 12 |
| एनएसडब्ल्यू | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 4 |
| विक्टोरिया | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| क्वींसलैंड | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| डब्ल्यूए | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 1 | 8 | 0 | 0 | 0 | 9 |
| तस्मानिया | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| एसीटी | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| एनटी | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| **राष्ट्रीय कुल** | **10** | **34** | **3** | **0** | **0** | **47** |

**तालिका 12: आपातकालीन प्रबंधन टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**

| उद्देश्य | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्देश्य 1 | 6 | 17 | 1 | 0 | 0 | 24 |
| उद्देश्य 2 | 4 | 17 | 2 | 0 | 0 | 23 |
| **कुल मिलाकर** | **10** | **34** | **3** | **0** | **0** | **47** |

कुंजी: आपातकालीन प्रबंधन टीएपी प्रगति

- पूरा हो गया
- मार्ग पर
- कुछ देरी
- रोक दिया गया
- भविष्य में आरंभ

**चार्ट 11: आपातकालीन प्रबंधन टीएपी - 2022-2023 में सरकार के आधार पर कार्यों**




**चार्ट 12: आपातकालीन प्रबंधन टीएपी - 2022-2023 में उद्देश्यों के आधार पर कार्यों में प्रगति**



# व्यवहार में कार्य

**सभी सरकारें रिपोर्टिंग अवधि के दौरान टीएपी के तहत कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही हैं।**

**निम्नलिखित अनुभाग प्रत्येक टीएपी में से और प्रत्येक सरकार में से इस बात के चयनित उदाहरण देता है कि कौन सी गतिविधियाँ हासिल की जा रही हैं और ये कार्य विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों को बेहतर बनाने में कैसे योगदान दे रहे हैं।**

# क्वींसलैंड सरकारी क्षेत्र में विकलांगता-ग्रस्त कर्मचारी



### न्यायाधिकार क्षेत्र:

क्वींसलैंड

### लक्षित कार्य योजना:

रोजगार

### टीएपी उद्देश्य:

1. विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार में वृद्धि।

### कार्य:

1.4 – क्वींसलैंड वर्किंग पार्टी के सहयोग से अगली राज्य विकलांगता योजना उपलब्ध कराई जाए, जिसमें विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

### संकेतक:

नई राज्य विकलांगता योजना में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

- संपूर्ण क्वींसलैंड में रोजगार में शामिल होने वाले विकलांगता-ग्रस्त क्वींसलैंडवासियों का अनुपात सरकारी और गैर-सरकारी, इन दोनों क्षेत्रों में बढ़ता है।

### स्थिति: पूरा किया गया

### विवरण:

**क्वींसलैंड की विकलांगता योजना 2022-27: साथ-मिलकर बेहतर क्वींसलैंड (Queensland's Disability Plan 2022-27: Together, a better Queensland)**(क्यूडीपी) को नवंबर 2022 में जारी किया गया। क्यूडीपी ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 (एडीएस) के तहत क्वींसलैंड की प्रतिबद्धताओं के लागूकरण के लिए अतिव्यापी तंत्र है और इसे विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया था।

क्यूडीपी (QDP) में एडीएस के सात परिणाम क्षेत्रों को अपनाया गया है और यह एक समावेशी क्वींसलैंड निर्मित करने की प्रतिबद्धता का विस्तार करने के लिए सरकार, उद्योग और समुदाय के सभी स्तरों पर कार्य करने का आह्वान करता है।

क्वींसलैंड सरकार अलग-अलग लक्षित कार्य योजनाओं के तहत अपने कार्यों को वितरित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि शिक्षा, रोजगार, उपयुक्त आवास और अवरोधमुक्त या कलंकमुक्त रूप से समाज में पहुँच के लिए सुधार किया जा सके।

क्यूडीपी विभागीय विकलांगता सेवा योजनाओं (डीएसपी) [Disability Service Plans (DSPs)] के विकास का मार्गदर्शन करता है। क्वींसलैंड के प्रत्येक विभागीय मुख्य कार्यकारी के लिए एक डीएसपी विकसित करने का वैधानिक दायित्व है। क्यूडीपी इस बात को मान्यता देता है कि गैर-सरकारी सेक्टर समावेशी कार्यस्थलों और सेवा आउटलेट्स होने के अलावा उपलब्धियों और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के रोजगार की दरों के बारे में रिपोर्ट करने के लिए विकलांगता कार्य योजनाएँ विकसित करने पर भी विचार कर सकता है।

वार्षिक रूप से एक प्रगति रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। पांच वर्षों की अवधि के अंत में प्रभाव और असर के लिए क्यूडीपी का आकलन किया जाएगा।

जून 2023 में क्वींसलैंड ने ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति के सर्वप्रथम न्यायाधिकार क्षेत्र मंच की मेजबानी की, जिसका शीर्षक था **'साथ मिलकर समावेशी क्वींसलैंड निर्मित करना'**। मंच ने व्यवहार में रोजगार और समावेश में शामिल होने पर केंद्रित पैनल चर्चाओं को सुविधाकृत करके एडीएस और क्यूडीपी को बढ़ावा दिया, जिसमें विकलांगता सेक्टर, व्यापक उद्योग, सरकार और समुदाय से उपस्थितगण थे।

# रोजगार पायलट




### न्यायाधिकार क्षेत्र:

ऑस्ट्रेलिया सरकार, सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services)

### लक्षित कार्य योजना:

रोजगार

### टीएपी उद्देश्य:

उद्देश्य 1: विकलांगता-ग्रस्त लोगों के रोजगार में वृद्धि

### कार्य:

1.8 – रोजगार पायलट – कुशलताओं की उपलब्धता में कमी वाले क्षेत्रों में काम करने के लिए लोगों को जोड़ना

पायलट कार्यक्रमों का परीक्षण करने के लिए उद्योग के साथ भागीदारी करना, जो विकलांगता रोजगार सेवाओं (Disability Employment Services) के प्रतिभागियों को उन सेक्टरों में नौकरियों के साथ जोड़ते हैं, जो कुशलताओं की उपलब्धता में कमी का सामना कर रहे हैं।

### संकेतक:

संकेतक प्रत्येक पायलट के अनुरूप होंगे।

### स्थिति: मार्ग पर

### विवरण:

सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) और ऑस्ट्रेड (Austrade) ने विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए रोजगार परिणामों में सुधार करने के उद्देश्य से नए दृष्टिकोण के परीक्षण हेतु एक पायलट डिज़ाइन करने के लिए साथ-मिलकर काम किया है।पर्यटन स्थानीय नेविगेटर पायलट (Tourism Local Navigators Pilot) विकलांगता-ग्रस्त लोगों को रोजगार देने के लिए कार्य-नियोक्ताओं में विश्वास का निर्माण करने के साथ-साथ कार्यस्थल संस्कृतियों व रोजगार प्रथाओं में सुधार करने के उद्देश्य से पर्यटन सेक्टर में छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों की सहायता के लिए लक्षित क्षेत्रों में स्थल-आधारित स्थानीय नेविगेटर उपलब्ध कराएगा।

- यह पायलट जुलाई 2023 की शुरुआत में आरंभ हुआ था और यह बारह महीने की अवधि के लिए जारी रहेगा।
- स्थानीय नेविगेटर्स (Local Navigators) उपलब्ध कराने के लिए 8 प्राथमिकतापूर्ण रोजगार इलाकों में 12 प्रदाताओं को अनुदान (ग्रांट्स) प्रदान किए गए थे।

सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) ने ऑस्ट्रेलिया व्यवसाय परिषद (बीसीए) [Business Council of Australia (BCA)], उनके चार बड़े आकार के कार्य-नियोक्ता सदस्यों और ऑस्ट्रेलियाई विकलांगता नेटवर्क (एएनडी) [Australian Network on Disability (AND)) के साथ-मिलकर इन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक पायलट तैयार करने के लिए साझेदारी की है: व्यावसायिक समुदाय में नेतृत्व का प्रदर्शन करके दृष्टिकोण में परिवर्तन को उद्वेलित किया जाए, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े आकार के कार्य-नियोक्ताओं को विकलांगता-ग्रस्त लोगों को प्रवेश स्तर की नौकरियों से परे रोजगार देने के लिए प्रोत्साहन मिले, विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए अपने करियर में काम करने और फलने-फूलने के लिए सुरक्षित स्थान होना प्रदर्शित किया जाए, और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए लंबे समय तक रोजगार परिणामों को उद्वेलित किया जा सके, जिसमें करियर में उन्नति और भविष्य में नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

- यह पायलट अगस्त 2023 में शुरू हुआ था और फरवरी 2025 तक चलेगा।
- एएनडी (AND) को चार बड़े आकार के कार्य-नियोक्ताओं और विकलांगता-ग्रस्त कर्मचारियों के साथ मिलकर पायलटों का डिज़ाइन करने के लिए अनुदान दिया गया है, ताकि यह सीखा जा सके कि करियर प्रगति में विकलांगता-ग्रस्त कर्मियों के सामने आने वाली बाधाओं की पहचान कैसे की जाए और उन्हें संबोधित कैसे किया जाए।

# तस्मानियाई विकलांगता आयुक्त (Tasmanian Disability Commissioner)



#### न्यायाधिकार क्षेत्र:

तस्मानिया

#### टीएपी:

सामुदायिक दृष्टिकोण

#### टीएपी उद्देश्य:

4. एडीएस के तहत नीतिगत प्राथमिकताओं पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सामुदायिक दृष्टिकोणों में सुधार करना।

#### कार्य:

4.1 – तस्मानियाई विकलांगता आयुक्त (Tasmanian Disability Commissioner) की स्थापना यह सुनिश्चित करने का काम करेगी कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों और उनके परिवारों को समावेशी व सुलभतायुक्त समर्थन और सेवाएँ प्राप्त हो सकें, जिनमें मुख्यधारा सेवाओं के माध्यम से समर्थित लोग भी शामिल हैं, तथा इसमें 2021-2022 से आरंभ करके चार वर्षों के लिए $300,000 प्रतिवर्ष का निवेश शामिल है।

#### संकेतक:

- तस्मानिया के समुदाय के साथ परामर्श पूरा हो गया है।
- आरंभिक विकलांगता आयुक्त की स्थापना के लिए ढाँचा तैयार है।

#### स्थिति कुछ देरी

#### विवरण:

2022 के अंतिम महीनों में एक भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई और नई अंतरिम आयुक्त (Interim Commissioner), मैरी मैलेट ने जनवरी 2023 में भूमिका शुरू की।

तस्मानिया सरकार एक समकालीन कानूनी अनुभाग बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विकलांगता-ग्रस्त तस्मानियावासियों की ताकत, विविधता और अनुभव को प्रोत्साहन देता है और यह अनुमान लगाया गया है कि 2023 के मध्य से लेकर अंतिम महीनों तक एक नया विकलांगता विधेयक परामर्श के लिए तैयार होगा।

एक अंतरिम विकलांगता आयुक्त (Interim Disability Commissioner) की स्थापना करके कानून बनने से पूर्व इस बात के लिए समय और अवसर मिलता है कि एक विकलांगता आयुक्त (Disability Commissioner) की स्थापना से विकलांगता-ग्रस्त लोगों की शिकायतों को हल करने की क्षमता व सामर्थ्य के निर्माण के लिए अन्य वैधानिक अधिकारियों के साथ काम किया जा सके।

अंतरिम विकलांगता आयुक्त (Interim Disability Commissioner) को विकलांगता सेवाएँ अधिनियम 2011 (तस्मानिया) [Disability Services Act 2011 (Tas)] के तहत एक प्राधिकृत अधिकारी (Authorised Officer) की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। एक प्राधिकृत अधिकारी (Authorised Officer) निम्नलिखित बातों के लिए परिसर में प्रवेश कर सकता है:

- परिसर में रहने वाले या विशेषज्ञ विकलांगता सेवाएँ प्राप्त करने वाले विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों को देखभाल और समर्थन प्राप्त होना सुनिश्चित करना, जो उनके स्वास्थ्य और सकुशलता के लिए आवश्यक या वांछनीय है; अथवा
- लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

अंतरिम विकलांगता आयुक्त (Interim Disability Commissioner) ये कार्य भी करेगा:

- नेतृत्व प्रदान करना, समावेशन को बढ़ावा देना, और सरकार तथा मुख्यधारा सेवाओं में पहुंच को प्रोत्साहन देना;
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों को बढ़ावा देना;
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को संबोधित करने वाले सुरक्षा तंत्रों की स्थापना तथा उनकी निगरानी करना; और
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण के आरोपों का उत्तर देना।

# भिन्न रूप से विकसित होना (Developing Differently) पेरेंटिंग वर्कशॉप



### न्यायाधिकार क्षेत्र:

साउथ ऑस्ट्रेलिया

### टीएपी:

आरंभिक बचपन

### टीएपी उद्देश्य:

2. माता-पिता और देखभालकर्ताओं को अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में सूचित विकल्प लेने में सहायता देने के लिए प्रमुख सेवाओं व प्रणालियों के सामर्थ्य और क्षमता को सशक्त बनाया जाए।

### कार्य:

2.8 – किसी विकलांगता-ग्रस्त बच्चे/बच्ची के साथ रहने वाले माता-पिता/ देखभालकर्ताओं के लिए विशेष रूप से एक वर्कशॉप के विकास में प्रगति करना - "भिन्न रूप से विकसित होना" ("Developing Differently")।

### संकेतक:

- वर्कशॉप पूरा किया गया और इसे अनुमोदित किया गया।
- पायलट पूरा किया गया और रिपोर्ट जमा की गई।

### स्थिति: पूरा किया गया

### विवरण:

साथ-मिलकर परिवार का विकास (एफजीटी) [Families Growing Together (FGT)] पेरेंटिंग वर्कशॉप्स में भाग लेने वाले माता-पिता से मिले फीडबैक से इस बात की पहचान की गई कि विकलांगता-ग्रस्त बच्चे/बच्ची के साथ रहने वाले कई माता-पिता आगे का समर्थन खोज रहे हैं। इस आधार पर एफजीटी (FGT) टीम ने पेरेंटिंग एसए पेरेंट ईज़ी गाइड्स (पीईजी) [Parenting SA Parent Easy Guides (PEGs)] से जानकारी संदर्भित करते हुए एक विशिष्ट वर्कशॉप का विकास किया - 'विकलांगता-ग्रस्त बच्चे' ('Children with a disability') और 'विकासात्मक विलंब' ('Developmental delay')।

यह नया वर्कशॉप विशिष्ट विकास, विकासात्मक "खतरा सूचकों", किस बात के लिए निगरानी करें, और विकलांगता-ग्रस्त बच्चे/बच्ची के पालन-पोषण के लिए व्यावहारिक कार्यनीतियों का अवलोकन प्रदान करता है। यह वर्कशॉप विकलांगता के सामाजिक मॉडल (Social Model of Disability) का उपयोग करके माता-पिता को साथ-मिलकर बात करने, साथ-मिलकर सीखने और अपने अनुभवों के बारे में फिर से सोचने के लिए एक स्थान प्रदान करके देखने, सोचने, काम करने और अस्तित्व में होने के एक नए तरीके के इर्द-गिर्द आधारित है।

माता-पिता वीडियो, गतिविधियों और सामूहिक चर्चा के माध्यम से नई दिशा और एहसास के एक नए तरीके की ओर काम करते हैं। वर्कशॉप के अंत में माता-पिता एक पेरेंटिंग कार्य योजना पूरी करते हैं, जिसमें एक समर्थन नेटवर्क की पहचान करना भी शामिल है।

पायलट वर्कशॉप में भाग लेने वाले माता-पिता से मिला फीडबैक काफी सकारात्मक रहा है और अब पूरे राज्य-भर में 'भिन्न रूप से विकसित होना' ('Developing Differently') पेरेंटिंग वर्कशॉप प्रस्तावित किया जाएगा, ताकि माता-पिता अपने-अपने स्थानीय समुदायों में इसमें शामिल हो सकें।

# एबोरिजनल बाल एवं परिवार केंद्र (एसीएफसी) [Aboriginal Child and Family Centre (ACFC)] कार्यक्रम



### न्यायाधिकार क्षेत्र:

न्यू साउथ वेल्स

### टीएपी:

आरंभिक बचपन

### टीएपी उद्देश्य:

3. समावेश की और अधिक सशक्त भावना को प्रोत्साहन देना और माता-पिता, देखभालकर्ताओं व बच्चों को सहकर्मी नेटवर्क बनाने के अवसर प्रदान करना, जिसमें एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी तथा सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण माता-पिता व देखभालकर्ता शामिल हैं।

### कार्य:

3.1 – एबोरिजनल बच्चों, परिवारों और समुदायों को गुणवत्तापूर्ण आरंभिक बचपन शिक्षा और एकीकृत स्वास्थ्य एवं परिवार सेवाएँ प्रदान करने के लिए एनएसडब्ल्यू एबोरिजनल बाल एवं परिवार केंद्रों (एसीएफसी) [Aboriginal Child and Family Centres (ACFC)] की क्षमता में वृद्धि करना।

एसीएफसी (ACFC) एबोरिजनल बच्चों को महत्वपूर्ण विकासात्मक उपलब्धियाँ हासिल करने में समर्थन देते हैं और सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित परिवेश में अनेकानेक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुंच में सुधार करते हैं।

### संकेतक:

वार्षिक रिपोर्टिंग:

- स्कूलों में उपस्थिति और उपलब्धियों में वृद्धि।
- बाल संरक्षण प्रणाली में प्रवेश करने वाले एबोरिजनल बच्चों की कम संख्या।
- एबोरिजनल बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य में सुधार।

### स्थिति: मार्ग पर

### विवरण:

उज्जवल आरंभ (Brighter Beginnings) एक संपूर्ण-सरकारी पहल है, जो गर्भाधान से लेकर स्कूल की उम्र तक पहुँचने के पहले 2000 दिनों में एनएसडब्ल्यू के बच्चों और उनके परिवारों के लिए परिणामों में सुधार पर केंद्रित है।

उज्जवल आरंभ (Brighter Beginnings) की एक पहल एबोरिजनल बाल एवं परिवार केंद्र (एसीएफसी) [Aboriginal Child and Family Centre (ACFC)] कार्यक्रम का विस्तार है।

एसीएफसी (ACFC) कार्यक्रम के विस्तार के लिए वित्त-पोषण में शामिल हैं:

- 2024 और 2027 के बीच छह नए एसीएफसी (ACFC) का निर्माण करने के लिए $42 मिलियन,
- 2024 और 2027 के बीच Ballina, Brewarrina, Gunnedah, Lightening Ridge, Minto, Mount Druitt, Nowra, Toronto और Doonside में नौ मौजूदा केंद्रों के उन्नयन के लिए $22.5 मिलियन,
- परिचालन व्ययों के लिए प्रति वर्ष $1 मिलियन प्रति केंद्र (जो पहले $535,000 था)।

उज्ज्वल आरंभ (Brighter Beginnings) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 2027 तक एनएसडब्ल्यू के 67 प्रतिशत बच्चे ऑस्ट्रेलियाई आरंभिक विकास जनगणना (एईडीसी) [Australian Early Development Census (AEDC)] के पांच क्षेत्रों के प्रति मार्ग पर हैं और यह 2031 तक एनएसडब्ल्यू के एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी बच्चों के लिए एईडीसी (AEDC) के पांच क्षेत्रों के प्रति अंतर भरना (Closing the Gap) के 55 प्रतिशत उद्देश्य को पार करने में समर्थन देता है।

# व्यवहार समर्थन और प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का न्यूनन व उन्मूलन

### न्यायाधिकार क्षेत्र:

ऑस्ट्रेलिया सरकार का एनडीआईएस गुणवत्ता एवं सुरक्षोपाय आयोग (NDIS Quality and Safeguards Commission)

### टीएपी:

सुरक्षा

### टीएपी उद्देश्य:

4. सभी सरकारी सेवा प्रणालियों में प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का न्यूनन व उन्मूलन

### कार्य:

4.4 – विकलांगता सेक्टर तथा सामुदायिक सेक्टर को व्यवहार समर्थन और प्रतिबंधात्मक प्रथाओं के न्यूनन व उन्मूलन के बारे में शिक्षित करने और इनकी क्षमता के निर्माण को जारी रखने के प्रयासों को बढ़ाना।

### संकेतक:

आउटपुट संकेतक

- समय बीतने के साथ प्रतिबंधात्मक प्रथाओं के उपयोग का न्यूनन।

प्रभावशीलता और दक्षता संकेतक

- शिक्षा और क्षमता निर्माण उपकरण प्रतिबंधात्मक प्रथाओं को समाप्त करने के लिए विकलांगता सेक्टर, मुख्यधारा प्रणालियों और समुदाय की जागरुकता व क्षमता को प्रभावी ढंग से बढ़ाते हैं।

### स्थिति: मार्ग पर

### विवरण:

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, एनडीआईएस आयोग (NDIS Commission) ने विभिन्न साधनों का उपयोग करके इस सेक्टर को शिक्षित करना जारी रखा है।इसमें ये शामिल रहे हैं,

- 659 संलग्नता गतिविधियाँ, जैसे व्यक्तिगत प्रदाताओं के साथ मुलाकातें, सामूहिक वर्कशॉप्स, कार्यप्रथा समुदाय, अंत:एजेंसी नेटवर्क मुलाकातें और शैक्षिक सत्र, जिन्हें एनडीआईए (NDIA), एनडीएस (NDS), टेफ (TAFE), शीर्षस्थ निकायों और राज्य तथा राज्य-क्षेत्र प्राधिकरण निकायों जैसी अन्य एजेंसियों के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया था। संलग्नता में विधायी आवश्यकताओं, व्यवहार समर्थन योजनाओं की गुणवत्ता, तथा प्रतिबंधात्मक प्रथाओं के न्यूनन और उन्मूलन को संबोधित करने वाले अनेकानेक मुद्दे शामिल थे।
- क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय, कर्टिन विश्वविद्यालय, मोनाश विश्वविद्यालय और मेलबर्न विश्वविद्यालय में सकारात्मक व्यवहार समर्थन (Positive Behaviour Support) कोर्सेज़ के समर्थन के लिए विश्वविद्यालयों के साथ संपर्क।
- एनडीआईएस अधिनियम (NDIS Act) के तहत व्यवहार समर्थन, प्रतिबंधात्मक प्रथाओं और दायित्वों से संबंधित कार्यात्मक संसाधनों का विकास, जिनमें शामिल हैं:
  - प्रतिबंधात्मक प्रथाओं से संबंधित कार्यप्रथा मुद्दों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के विषय में कार्यप्रथा संदर्शिकाएँ (जैसे, निगरानी तकनीकी कार्यप्रथा संदर्शिका [Surveillance Technology Practice Guide], संशोधित सुरक्षित परिवहन संदर्शिका [Revised Safe Transportation Guide])।
  - व्यवहार समर्थन के बारे में पांच प्रतिभागी तथ्य पत्रकों को साथ-मिलकर डिज़ाइन किया गया, जो यहां उपलब्ध हैं: **व्यवहार समर्थन के लिए प्रतिभागी तथ्य पत्रक** (Participant Fact Sheets for Behaviour Support) | **एनडीआईएस गुणवत्ता और सुरक्षोपाय आयोग** (NDIS Quality and Safeguards Commission) (ndiscommission.gov.au)।
  - अच्छी कार्यप्रथा और पंजीकरण शर्तों को रेखांकित करने वाली 'व्यवहार समर्थन योजना जांचसूचियाँ' ('Behaviour Support Plan Checklists'), जो व्यवहार समर्थन योजनाओं के विकास के समय विशेषज्ञ व्यवहार समर्थन प्रदाताओं के लिए लागू होती हैं।
- संसाधनों का प्रकाशन, जिनमें शामिल हैं:
  - **प्रमाण मायने रखता है** (Evidence Matters) | **एनडीआईएस गुणवत्ता एवं सुरक्षोपाय आयोग** (NDIS Quality and Safeguards Commission), व्यवहार समर्थन कार्यप्रथा में सुधार और प्रतिबंधात्मक प्रथाओं के न्यूनन के उद्देश्य से प्रदाताओं, प्रतिभागियों और उनके समर्थकों के लिए प्रमाण-आधारित संसाधनों का एक संग्रह
  - **स्वास्थ्य के लिए दवाइयाँ, नियंत्रण के लिए नहीं** (Medicines for health, not control) | **एनडीआईएस गुणवत्ता एवं सुरक्षोपाय आयोग** (NDIS Quality and Safeguards Commission), प्रतिबंधात्मक प्रथाओं के उपयोग के न्यूनन और उन्मूलन के उद्देश्य से प्रदाताओं, प्रतिभागियों और उनके समर्थकों के लिए कार्यप्रथा संसाधनों व उपकरणों का एक केंद्रीकृत संग्रह।

एनडीआईएस आयोग (NDIS Commission) ने जोखिमों की पहचान करने और उनका उत्तर देने के बारे में विकलांगता प्रदाताओं के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रथा मार्गदर्शन के उद्देश्य से 15 कार्यप्रथा सचेतक (Practice Alerts) प्रकाशित किए हैं, जो यहां उपलब्ध हैं: कार्यप्रथा सचेतक (Practice Alerts) | एनडीआईएस गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग (NDIS Quality and Safeguards Commission) (ndiscommission.gov.au)।

कार्यप्रथा गुणवत्ता एवं नैदानिक सलाहकार (Practice Quality and Clinical Advisory) प्रभाग ने इस क्षेत्र में व्यवहार समर्थन सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के संबंध में चार प्रशासित अनुदानों का प्रबंध किया है।

इसके अतिरिक्त, विकलांगता सेवा प्रदाताओं के लिए तीन ऑन-लाइन मास्टरक्लासेज़ भी आयोजित की गई थीं। ये मास्टरक्लासेज़ इन विषयों पर थीं: नियंत्रण के लिए नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए दवाइयाँ, जीवनशैली खतरे एवं व्यापक स्वास्थ्य आकलन एवं मिर्गी प्रबंधन।

# आपातकालीन प्रबंधन मुलाकातों (Emergency Management Meetings) में विकलांगता सेवा प्रदाताओं को शामिल किया जाए



### न्यायाधिकार क्षेत्र:

नॉर्दर्न टेरिटरी: पुलिस, अग्नि और आपातकालीन सेवाएँ

### टीएपी:

आपातकालीन प्रबंधन

### टीएपी उद्देश्य:

1. आपदा खतरा आकलनों के लिए आपदा/आपातकालीन नियोजन प्रक्रियाएँ सुनिश्चित की जाएँ और आपदा/आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं के बाद में विकास तथा रख-रखाव में विकलांगता-ग्रस्त लोगों को शामिल किया जाए।

### कार्य:

1.2 – अंत:एजेंसी/सेक्टर आपातकालीन प्रबंधन मुलाकातों (Emergency Management Meetings) में विकलांगता सेवा प्रदाताओं को शामिल किया जाए

टेरिटरी परिवार, आवास एवं समुदाय विभाग (Department of Territory Families, Housing and Communities) के तहत विकलांगता विकास टीम (Disability Development Team) युवा न्याय प्रभाग (Youth Justice Division); रिश्तेदारी एवं पालक (फोस्टर) देखभालकर्ता और निदान या संदिग्ध विकलांगता या विकासात्मक विलंब वाले टेरिटरी के परिवार सेवार्थियों को समर्थित करती है।

### संकेतक:

- अंत:एजेंसी नेटवर्क ने घटना प्रबंधन मुलाकातों (Incident Management Meetings), सकुशलता समूह मुलाकातों (Welfare Group Meetings), सकुशलता समूह सेक्टर संक्षिप्त-सूचनाओं (Welfare Group Sector Briefings) में भागीदारी के माध्यम से विकलांगता सेक्टर और विकलांगता के जीवंत अनुभव वाले लोगों के प्रतिनिधित्व में वृद्धि की है।
- विकलांगता के जीवंत अनुभव वाले लोगों, देखभालकर्ताओं, अभिभावकों को आपदा/आपातकालीन प्रबंधन योजना के नियोजन व तैयारी के चरणों के दौरान वास्तविक समय में जानकारी दी जाती है और वे उसे एक्सेस करते हैं।

### स्थिति: मार्ग पर

### विवरण:

मुख्य मंत्री एवं कैबिनेट विभाग (डीसीएमसी) [Department of Chief Minister and Cabinet (DCMC)] के नेतृत्व में टेरिटरी आपातकालीन योजना (Territory Emergency Plan) में पहचाने गए खतरों (आपात स्थिति) के लिए प्रमुख प्रतिक्रिया एजेंसियों का विवरण दिया गया है। खतरा प्रबंधन प्राधिकरण (एचएमए) [Hazard Management Authority (HMA)] वह एनटीजी (NTG) एजेंसी है, जो किसी विशिष्ट खतरे के उत्तर में योजनाओं और क्षमताओं के समन्वय तथा तैयारी के लिए जिम्मेदार है। समुदाय, सेवा प्रदाताओं और सरकारी सेक्टर्स की यह एक साझा जिम्मेदारी है कि आपातकाल में ऊँचे खतरे वाले व्यक्ति-विशेषों की आवश्यकताओं का उत्तर दिया जाए।

एनटी आपातकालीन सेवाएँ (NT Emergency Services) हमारी सामुदायिक संलग्नता इकाई (Community Engagement Unit) के माध्यम से पहचाने गए खतरों के लिए तैयारी करने, उनका उत्तर देने और उनसे बहाली के बारे में नि:शुल्क सार्वजनिक संक्षिप्त-सूचनाएँ प्रदान करती है, ताकि इस बारे में सलाह उपलब्ध कराई जा सके कि घटना के दौरान किसी व्यक्ति के लिए खतरे को पूर्णत: विचारित योजना और तैयारी के माध्यम से किस प्रकार से कम किया जा सकता है।

डीसीएमसी (DCMC) के नेतृत्व के तहत सार्वजनिक सूचना समूह (पीआईजी) [Public Information Group (PIG)] सरकारी स्वामित्व वाले निगमों और सभी भागीदार संगठनों या प्रमुख हितधारकों के साथ संयोजन करके खतरे या आपातस्थिति में सार्वजनिक जानकारी की सामयिक, सटीक और समन्वित निर्गति सुनिश्चित करता है।

पीआईजी (PIG) की एक प्रमुख जिम्मेदारी प्रतिक्रिया और बहाली के दौरान एनटीजी (NTG) के सभी जनसंदेशों के विकास तथा निर्गति का नेतृत्व करना है; इसमें टेलीविज़न के माध्यम से संप्रेषित किए जाने वाले जनसंदेश और अनुवादित सामग्री के लिए ऑस्ट्रेलियन साइन लैंग्वेज (ऑस्लान) [Australian Sign Language (AUSLAN)] दुभाषियों का समन्वय शामिल हो सकता है। वर्तमान में पीआईजी (PIG) नई ऑस्ट्रेलिया चेतावनी प्रणाली (Australian Warning System) के साथ संरेखण के लिए भाषा में संदेशों के समूह को अपडेट कर रहा है।

# विकलांगता पारिवारिक हिंसा संकटकाल प्रतिक्रिया पहल (Disability Family Violence Crisis Response Initiative)



### न्यायाधिकार क्षेत्र:

विक्टोरिया

### टीएपी:

सुरक्षा

### टीएपी उद्देश्य:

3. नुकसान होने के खतरे वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति सभी सरकारी सेवा प्रणालियों को, और उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थनों के डिज़ाइन को सशक्त बनाया जाए।

### कार्य:

3.3 – विकलांगता पारिवारिक हिंसा संकटकाल प्रतिक्रिया पहल (Disability Family Violence Crisis Response Initiative) - यह पहल पारिवारिक हिंसा से बचकर निकलने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए ब्रोकरेज फंडिंग प्रदान करती है और विकलांगता पारिवारिक हिंसा संकटकाल प्रतिक्रिया समन्वयक (Disability Family Violence Crisis Response Coordinator) के पद को निधीकृत करती है।

### संकेतक:

समर्थित सेवार्थियों की संख्या, और दोषमुक्त की गई ब्रोकरेज फंडिंग।

### स्थिति: पूरा किया गया

### विवरण:

विकलांगता पारिवारिक हिंसा संकटकाल प्रतिक्रिया पहल (Disability Family Violence Crisis Response Initiative) ने संकटकाल में 250 से भी अधिक विकलांगता-ग्रस्त पीड़ित उत्तरजीवियों को तत्काल व्यावहारिक सहायता प्रदान की है। पीड़ित उत्तरजीवियों ने सुरक्षित रहने और/या पारिवारिक हिंसा से बचने के लिए $100,000 से भी अधिक के विकलांगता-संबंधी समर्थनों का उपयोग किया है। इसमें व्यक्तिगत समर्थनकर्मियों और देखभालकर्ताओं, विकलांगता एड्स, सहायक तकनीकियों और सुलभतायुक्त परिवहन विकल्पों के लिए निधीकरण शामिल रहा है।

इस पहल ने पारिवारिक हिंसा पेशेवरों और अन्य मुख्यधारा व्यावसायिकों को एक द्वितीयक परामर्श सेवा के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त पीड़ित उत्तरजीवियों को और अधिक अनुकूलित व प्रभावी सहायता प्रदान करने में भी समर्थन दिया है। यह सेवा सुरक्षा योजना, विकलांगता-विशिष्ट आवश्यकताओं और अन्य विशेषज्ञ विकलांगता समर्थन सेवाओं के लिए रेफरल पर सलाह प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त, सेक्टर की क्षमता निर्माण और जागरुकता बढ़ाने में योगदान देने के उद्देश्य से एक विकलांगता प्रतिक्रिया समन्वयक (Disability Response Coordinator) के लिए निधीकरण उपलब्ध कराया गया है, ताकि ऐसे विभिन्न संगठनों को विकलांगता और विकलांगता-आधारित पारिवारिक हिंसा के बारे में सूचना सत्र व प्रस्तुतियाँ उपलब्ध कराई जा सकें, जिनके साथ विकलांगता-ग्रस्त पीड़ित उत्तरजीवियों का संपर्क हुआ है या जो उन्हें समर्थन देते हैं।

डीएलओ (DLO) कार्यक्रम विक्टोरियाई ऑटिज़्म योजना (Victorian Autism Plan) और 10 वर्षीय मानसिक स्वास्थ्य योजना (10 Year Mental Health Plan) के वितरण को भी समर्थितन करता है।

# सुलभतायुक्त शरण आवास एवं समर्थन (Accessible Refuge Accommodation and Support)



### न्यायाधिकार क्षेत्र:

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया

### टीएपी:

सुरक्षा टीएपी

### टीएपी उद्देश्य:

3. नुकसान होने के खतरे वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति सभी सरकारी सेवा प्रणालियों को, और उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थनों के डिज़ाइन को सशक्त बनाया जाए।

### कार्य:

3.1 – सुलभतायुक्त शरण आवास एवं समर्थन (Accessible Refuge Accommodation and Support)

### संकेतक:

कार्यक्रम का कार्यान्वयन

### स्थिति: ■ पूरा किया गया

### विवरण:

दिसंबर 2020 में Kwinana और Peel क्षेत्र में दो नए पारिवारिक एवं घरेलू हिंसा शरण आश्रय खोले गए। Peel क्षेत्र में शरण आश्रय, Warlang Bidi, राज्य में महिलाओं के लिए चिकित्सीय रूप से केंद्रित सर्वप्रथम शरण आश्रय है और यह एक गहन सह-डिज़ाइन प्रक्रिया पर आधारित है जिसमें जीवंत अनुभव वाली महिलाएँ शामिल रही हैं। यह ऐसी महिलाओं के लिए विशेषज्ञ, व्यक्ति-केंद्रित प्रतिक्रियाएँ उपलब्ध कराता है, जो किसी विकलांगता, मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित चिंताओं और/या एल्कोहल व अन्य मादक-पदार्थों के नुकसान से भी ग्रस्त हैं।

Kwinana स्थित ऐँड्रिया मिया महिला शरण आश्रय गंभीर संकटकाल आवास और समर्थन सेवा प्रदान करता है और इसे विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं सहित सभी महिलाओं की सुलभता के लिए डिज़ाइन किया गया है।

दिसंबर 2021 से अब तक Warlang Bidi ने 5 विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं को समर्थन दिया है और ऐँड्रिया मिया ने 3 विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं को समर्थन दिया है, जिसमें एक बच्चा/बच्ची भी शामिल है। इनमें से किसी भी महिला को शरण आश्रय तक पहुंचने में किसी देखभालकर्ता द्वारा समर्थित नहीं किया गया था।

# एसीटी मध्यस्थ कार्यक्रम (ACT Intermediary Program)



**न्यायाधिकार क्षेत्र:**

ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी

**टीएपी:**

सुरक्षा

**टीएपी उद्देश्य:**

3. नुकसान होने के खतरे वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति सभी सरकारी सेवा प्रणालियों को, और उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थनों के डिज़ाइन को सशक्त बनाया जाए।

**कार्य:**

3.6 मध्यस्थक कार्यक्रम (Intermediary Program)

**संकेतक:**

मध्यस्थक कार्यक्रम (Intermediary Program) का परिचालन जारी है।

**स्थिति: ■ पूरा किया गया**

**विवरण:**

एसीटी मध्यस्थक कार्यक्रम (ACT Intermediary Program) पुलिस साक्षात्कारों, न्यायालयी मामलों और पूरे एसीटी-भर में कानूनी पेशेवरों के साथ मुलाकातों के दौरान मध्यस्थक प्रदान करना जारी रखता है। 14 जून 2023 के दिन तक, एसीटी मध्यस्थक कार्यक्रम (ACT Intermediary Program) को एसीटी पुलिसिंग से 787 रेफरल, एसीटी न्यायालयों (सुप्रीम और मजिस्ट्रेट) से 129 निवेदन, और कानूनी पेशेवरों, प्रमुखत: लीगल एड (Legal Aid) से 14 निवेदन प्राप्त हुए हैं।

कार्यक्रम को प्राप्त हुए सभी रेफरलों में से लगभग 57% रेफरलों में आयु के अलावा अतिरिक्त संचार-संबंधी कठिनाइयों से ग्रस्त गवाह शामिल रहे हैं। इनमें सीखने में अक्षमता, ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम विकार, संज्ञानात्मक हानि, भाषाई विलंब, शारीरिक विकलांगता, मानसिक स्वास्थ्य-संबंधी मुद्दे और आघात जैसे मुद्दे शामिल हैं।

संचार आकलन के माध्यम से प्रासंगिक विशेषज्ञता रखने वाले मध्यस्थक, पुलिस, न्यायालय और कानूनी पेशेवरों को इस बारे में अनुकूलित सलाह प्रदान करते हैं कि संलग्नता के लिए सर्वोत्तम कार्यनीतियाँ क्या हैं और उसके बाद सर्वोत्तम साक्ष्य कैसे उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

कार्यक्रम ने प्राप्त हुए सभी रेफरलों (100%) का उपयुक्त रूप से कुशलता-प्राप्त मध्यस्थक के साथ मिलान करना जारी रखा है।

# विकलांगता समावेशी आपदा खतरा न्यूनन (Disability Inclusive Disaster Risk Reduction) कार्यक्रम



## न्यायाधिकार क्षेत्र:

ऑस्ट्रेलिया सरकार की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (National Emergency Management Agency)

## टीएपी:

आपातकालीन प्रबंधन

## टीएपी उद्देश्य:

2. यह सुनिश्चित किया जाए कि समावेशी आपदा/आपातकाल प्रबंधन, तैयारी और बहाली नियोजन प्रक्रियाएँ विकलांगता-ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य और सकुशलता को आपातकाल से पहले, इसके दौरान और इसके पश्चात समर्थन देती हैं।

## कार्य:

2.5 पूर्व राष्ट्रीय बहाली एवं अनुकूलनीयता एजेंसी (National Recovery and Resilience Agency) को शामिल करने वाली राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (National Emergency Management Agency) मौजूदा एजेंसी व्यावसायिक प्रक्रियाओं के माध्यम से बहाली और खतरा न्यूनन पहलों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए संसाधन अंतरालों और उनकी अपूर्ण आवश्यकताओं के बारे में रिपोर्टिंग को शामिल करेगी।

## संकेतक:

बहाली और खतरा न्यूनन पहलों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए संसाधन अंतरालों और उनकी अपूर्ण आवश्यकताओं को राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी [National Emergency Management Agency] (जिसमें पूर्व राष्ट्रीय बहाली और अनुकूलनीयता एजेंसी [National Recovery and Resilience Agency] शामिल है) के प्रासंगिक व्यावसायिक क्षेत्रों को सूचित किया जाता हे

## स्थिति: मार्ग पर

## विवरण:

विकलांगता समावेशी आपदा खतरा न्यूनन (Disability Inclusive Disaster Risk Reduction) कार्यक्रम का पहला खंड अब पूरा हो गया है, जो सिडनी विश्वविद्यालय के विकलांगता अनुसंधान केंद्र (Centre for Disability Research) द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्कोपिंग (National Scoping Study) अध्ययन था।

यह स्कोपिंग अध्ययन (Scoping Study) राष्ट्रीय स्तर पर आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं की वर्तमान समावेशिता का एक व्यापक विश्लेषण है। इससे यह आकलन करने के लिए एक आधार-रेखा मिलती है कि हम पूरे देश-भर में विकलांगता समावेशी डीआरआर (Disability Inclusive DRR) के बारे में कितने सुसंगत हैं।

इस अध्ययन में डीआईडीआरआर (DIDRR) सहकर्मी-समीक्षित अनुसंधान का विश्लेषण शामिल है, जिसने साक्ष्य और संसाधनों, इन दोनों के लिए “अंतराल नक्शे” (“Gap Maps”) निर्मित किए, आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्थाओं (Emergency Management Arrangements) में विकलांगता प्रतिनिधित्व का अन्वेषण किया, और डीआईडीआरआर (DIDRR) में आज “अच्छी कार्यप्रथाओं” की पहचान की।

यह अध्ययन तीन प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्रों की पहचान करता है, जिनपर कार्य करना है:

1. समावेशी योजनाएँ, जो आपातस्थितियों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए कार्यान्वित की जा सकने वाली सेवाओं और परिसंपत्तियों की पहचान करती हैं;
2. समावेशी जानकारी, जो सभी के लिए सुलभ है; विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ साझेदारी में संचार प्रक्रियाओं और उपकरणों की समीक्षा की जानी आवश्यक है;
3. समावेशी प्रथाएँ, जो विभिन्न क्षेत्रों में समर्थन और सहयोग के अवसरों को बढ़ावा देती हैं और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए अवरोधों को कम करती हैं।

यह अध्ययन डीआईडीआरआर (DIDRR) कार्यक्रम के तहत कार्य के अगले खंड को सूचित करेगा, जिसमें निकट भविष्य में प्रगति करने के लिए एनईएमए (NEMA) तत्पर है।

## 3 दिसंबर 2021 के बाद से प्रगति का अवलोकन

एडीएस के आरंभ के बाद से कार्यों के लागूकरण की दिशा में समग्र सकारात्मक प्रगति हुई है।

अधिकांश न्यायाधिकार-क्षेत्रों में 2021-2022 रिपोर्टिंग अवधि की तुलना में 2022-2023 में पूरे किए गए कार्यों की संख्या में वृद्धि हुई।

सभी 417 टीएपी में हासिल की गई समग्र प्रगति प्रदर्शित करती है कि:

- **354 (85%)** कार्यों को पूरे हो गए या मार्ग पर होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है, जिनमें से:
  - **144 (35%)** कार्य पूरे हो गए हैं, और
  - **209 (50%)** कार्य मार्ग पर हैं
- **63 (15%)** कार्यों में कुछ देरी का अनुभव होने, रोके जाने या भविष्य में आरंभ की तिथि होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है।

**तालिका 13: सरकार के आधार पर टीएपी के सभी कार्यों में प्रगति एवं 2021-2023 की अवधि में स्थिति**

| सरकार | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया सरकार | 17 | 23 | 16 | 1 | 2 | 59 |
| एनएसडब्ल्यू | 6 | 25 | 12 | 3 | 0 | 46 |
| विक्टोरिया | 18 | 30 | 2 | 0 | 0 | 50 |
| क्वींसलैंड | 23 | 28 | 4 | 0 | 0 | 55 |
| डब्ल्यूए | 10 | 20 | 1 | 0 | 0 | 31 |
| साउथ ऑस्ट्रेलिया | 28 | 31 | 7 | 2 | 1 | 69 |
| तस्मानिया | 8 | 13 | 8 | 0 | 0 | 29 |
| एसीटी | 25 | 12 | 3 | 0 | 0 | 40 |
| एनटी | 9 | 27 | 1 | 1 | 0 | 38 |
| **कुल** | **144** | **209** | **54** | **7** | **3** | **417** |

**तालिका 14: टीएपी के आधार पर टीएपी के सभी कार्यों में प्रगति एवं 2021-2023 की अवधि में स्थिति**

| TAP | पूरा हो गया | मार्ग पर | कुछ देरी | रोक दिया गया | भविष्य में आरंभ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोजगार | 27 | 47 | 9 | 0 | 0 | 83 |
| सामुदायिक दृष्टिकोण | 25 | 33 | 10 | 0 | 0 | 68 |
| आरंभिक बचपन | 22 | 43 | 7 | 3 | 1 | 76 |
| सुरक्षा | 49 | 52 | 25 | 4 | 2 | 132 |
| आपात प्रबंधन | 21 | 34 | 3 | 0 | 0 | 58 |
| **कुल** | **144** | **209** | **54** | **7** | **3** | **417** |
| **प्रतिशतता** | **35%** | **50%** | **13%** | **2%** | **1%** | |

ध्यान दें: राउंडिंग के कारण प्रतिशतता कुल 100 नहीं भी हो सकती है।

कुंजी: राष्ट्रीय टीएपी प्रगति 2022-2023

- **पूरा हो गया**
- **मार्ग पर**
- **कुछ देरी**
- **रोक दिया गया**
- **भविष्य में आरंभ**

**चार्ट 13: सरकार के आधार पर टीएपी के सभी कार्यों में प्रगति एवं 2021-2023 की अवधि में स्थिति**




**चार्ट 14: टीएपी के आधार पर टीएपी के सभी कार्यों में प्रगति एवं 2021-2023 की अवधि में स्थिति**



Australia's Disability Strategy 2021–2031

Creating an inclusive community together

Design: Dreamtime Creative

DSS3050.09.23